NT>

Title: Need to send a team of experts and look into the deaths of children in Uttar Pradesh due to some mysterious disease.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तरांचल में रहस्यमय बीमारी से बच्चों का मरना निरंतर जारी है। अकेले सहारनपुर जिले में सौ से अधिक बच्चे मरे हैं। बागपत, मुजफ्फरपुर और पूरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश इस बीमारी की चपेट में है। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं का बुरा हाल है। आज तक सरकार ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि कोई एक्सपर्ट टीम भेज कर यह पता लगाए कि यह कौन सी बीमारी है।

महोदय, कल यह सवाल राज्यसभा में भी उठा था। सरकार से यह अपेक्षा की जाती है कि तत्काल उन स्थानों पर टीम भेज कर इस बीमारी का पता लगाए और इस बीमारी को रोकने के लिए जो प्रयास संभव हो वह करने की कोशिश करे। पहले जब मैंने यह सवाल उठाया तो उस समय दूसरे सवालों पर यहां बातें होनी शुरू हो गई थीं। उस समय यहां शत्रुघ्न सिन्हा जी बैठे थे, मैंने उनसे कहा कि आप इस संबंध में कुछ कहें। मेरी आपसे प्रार्थना है कि आप सरकार को निर्देश दीजिए कि इन स्थानों पर विशोज्ञों की एक टीम भेज कर इस बीमारी के बारे में पता लगवाएं। इस पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जाए।â€¦ (व्यवधान)